दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
नई दिल्ली।। शनिवार 22 जून -2024 | वर्ष : 8 अंक : 253 पेज-09 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य : ₹3

## धरती के स्वर्ग में पीएम मोदी ने किया योग
### बोले- पूरी दुनिया मानती है योग की शक्ति



**जम्मू-कश्मीर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया योग की शक्ति को मानती है। विश्व योग को वैश्विक भलाई के लिए एक शक्तिशाली एजेंट के रूप में देखता है। यह लोगों को अतीत के बोझ को ढोए बिना वर्तमान में जीने में मदद करता है। श्रीनगर के एसकेआईसीसी में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य समारोह को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने यह बातें कहीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि योग ने लोगों को यह एहसास दिलाया है कि उनका कल्याण उनके आसपास की दुनिया के कल्याण से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'विश्व योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली एजेंट के रूप में देख रहा है। योग हमें अतीत के बोझ को ढोए बिना वर्तमान क्षण में जीने में मदद करता है।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'जब हम अंदर से शांत होते हैं, तो हम दुनिया पर सकारात्मक प्रभाव भी डाल सकते हैं...योग समाज में सकारात्मक बदलाव के नए तरीके बना रहा है।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भर में योग करने वालों की संख्या हर दिन बढ़ रही है।





गृहमंत्री अमित शाह


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ


रक्षामंत्री राजनाथ सिंह


कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा एवं सांसद अतुल गर्ग



राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप

# गाजियाबाद में चारों ओर दिखा योग दिवस का जोश

## नेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और आमजन की रही भागीदारी


वीवीआईपी सोसायटी में महापौर सुनीता दयाल


केडब्ल्यू 6 मॉल में पूर्व राज्यसभा सदस्य अनिल अग्रवाल, महंत नारायण गिरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा


प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक


सीडीओ अभिनव गोपाल


एडीएम सिटी गंभीर सिंह



### कविनगर रामलीला मैदान, एनडीआरएफ, पुलिस लाइन और अलग-अलग सोसायटियों में हुए योग दिवस के कार्यक्रम




गाजियाबाद, करंट क्राइम : शुक्रवार को पूरा देश जहां दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा था, तो इसका जोश, उत्साह और उमंग गाजियाबाद जिले में भी देखने को मिली। सिविल डिफेंस और प्रशासन की ओर से रामलीला मैदान कवि नगर में योग दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। तो वहीं पुलिस लाइन में पुलिस के अधिकारियों ने एक साथ योग किया और तनाव से दूर रहने के लिए कई तरीके के व्यायाम भी किए। इसके साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों और एनडीआरएफ के जवानों ने भी कार्यक्रम कर योग दिवस के महत्व को समझने और बढ़ाने का काम किया। गाजियाबाद की तमाम सोसाइटियों के साथ ही स्कूलों, कॉलेजों, सामाजिक संस्थाओं और आमजन ने भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कर खुद को निरोगी बनाने का संकल्प लिया। योग दिवस पर गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक नंदकिशोर गुर्जर, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, महंत नारायण गिरी, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, महापौर सुनीता दयाल, पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी व जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने अलग-अलग कार्यालय और समितियों के ओर से आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया।

### रामलीला मैदान में हुआ भव्य आयोजन

**करंट क्राइम :** कवि नगर रामलीला मैदान में सिविल डिफेंस और प्रशासन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। यहां बड़ी संख्या में एक साथ लोगों ने सुबह सूर्य उगते ही अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। बड़ी संख्या में यहां महिलाएं, बुजुर्ग युवा और योग करने वाले कलाकारों ने योग के महत्व को दशार्या और सभी लोगों से अपील की वह योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, प्रतिदिन योग करें। इस दौरान सिविल डिफेंस के चीफ वॉर्डर ललित जायसवाल ने आए अतिथियों और वरिष्ठ पदाधिकारी का स्वागत भी किया।

### पुलिस लाइन और एनडीआरएफ मैदान में हुआ योग

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में पुलिस लाइन में कमिश्नर अजय मिश्र, एडिशनल सीपी आईपीएस अधिकारी कल्पना सक्सेना, दिनेश कुमार पी, डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजस सिंह, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव के साथ ही एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा, एसीपी सलोनी अग्रवाल, एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन सिद्दीकी, एसीपी नंदग्राम रवि सिंह, एसीपी घंटाघर कोतवाली प्रियाश्री पाल, एसीपी श्वेता यादव, एसीपी रविंद्र वर्मा, एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम, एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय, एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद, एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार सहित पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुलिस लाइन में योगाभ्यास किया। तो वहीं फिट रहने का भी संदेश दिया गया। इसके साथ ही एनडीआरएफ के मैदान में बड़ी संख्या में एनडीआरएफ के जवानों ने योग दिवस के महत्व को बताते हुए कार्यक्रम में भाग लिया।

### शहर से लेकर ट्रांस हिंडन तक सोसाइटी में हुए आयोजन

करंट क्राइम : गाजियाबाद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गाजियाबाद में शहर से लेकर देहात और नदियापार से लेकर लाइनपार तक अलग-अलग आवासीय सोसाइटी में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुबह योगासन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें योग की अलग-अलग संस्थाओं के योगाचार्य द्वारा व्यायाम एवं प्राणायाम कराए गए। इस दौरान युवाओं, महिलाओं एवं पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।


मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी


लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर


जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह व पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बलदेव राज शर्मा



सिविल डिफेंस चीफ वार्डन ललित जायसवाल नगर आयुक्त का स्वागत करते हुए


सिविल डिफेंस चीफ वार्डन ललित जायसवाल योगाचार्य यश पाराशर का स्वागत करते हुए


पूर्व मेयर आशु वर्मा महानगर संयोजिका उदिता त्यागी



जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक व मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात का स्वागत करते हुए



यशोदा ग्रुप के एमडी डॉ. पीएन अरोड़ा एवं उनके पुत्र



कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा



सांसद अतुल गर्ग


सिविल डिफेंस चीफ वार्डन ललित जायसवाल


जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह व पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बलदेव राज शर्मा


पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी व सपा नेता जेपी कश्यप


जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का स्वागत करते हुए


कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह





मुख्य चिकित्सा अधिकारी भवतोष शंखधर


पप्पू पहलवान, महामंत्री भाजपा योग करते हुए


खोड़ा नगरपालिका की चेयरमैन मोहिनी शर्मा योग करते हुए


योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेते बालक-बालिकाएं

# भारत से लेकर विदेश तक सभी ने मिलकर मनाया योग दिवस





**नई दिल्ली।** भारत में ब्रिटेन उच्चायोग और अमेरिका-इस्राइल दूतावास के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को मिलकर योग दिवस मनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10वां योग दिवस मनाया गया। पीएम मोदी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में एक योग कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं, राजधानी दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में केंद्रीय मंत्रियों ने योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर अपने दोनों डिप्टी मंत्रियों कीर्तिवर्धन सिंह और पबित्रा मार्गेरिटा के साथ दिल्ली में एक योग कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आसान भी किए।

इस दौरान उनके साथ दूतावास से जुड़े अधिकारी भी वहां मौजूद थे। योग सत्र के समाप्त होने के बाद जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरें पोस्ट की।

### जयशंकर ने किया पोस्ट

जयशंकर ने एक्स पर तस्वीरें साझा करने के साथ एक पोस्ट भी लिखा। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, आज दूतावास के अधिकारियों के साथ दिल्ली में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुआ। दुनिया भर में योग के प्रति उत्साह और जागरूकता किसी प्रेरणा से कम नहीं। यह देखकर खुशी हुई कि योग इतने सारे लोगों के जीवन का एक महत्वपूर्ण तरीका बन गया है।

### ब्रिटेन-अमेरिका-इस्राइल के प्रतिनिधियों ने भी किया योग

ब्रिटेन उच्चायोग ने भी एक पोस्ट साझा करते हुए कहा, टीम यूके इंडिया आज भारत के लाखों लोगों के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुआ। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को खास बनाने के लिए अमेरिका और इस्राइल ने एक-एक वीडियो साझा किया। इस्राइल की तरफ से जारी किए गए वीडियो में राजदूत नाओर गिलोन और अन्य अधिकारियों ने योग को लेकर अपने विचार साझा किए। पोस्ट में कहा गया, नमस्ते, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हमारे प्रतिनिधियों ने बताया कि उन्हें योग क्यों पसंद है? वे योगी नहीं हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें प्रयास करने में मजा आएगा। हमें कमेंट में बताए कि आपको योग क्यों पसंद है।

अमेरिका की तरफ से जारी वीडियो में बच्चों को विभिन्न आसन में हाथ आजमाते हुए देखा गया। पोस्ट में कहा गया, योग का दिन है। हमारे छोटे-छोटे योगी अपने मुस्कान से सभी का दिल जीत लिया।

योग के महत्व को देखते हुए 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। तब से हर साल 21 जून को अतंरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस साल का थीम 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी' यानी की 'अपने और समाज के लिए योग' है।

# योगमय हुई पूरी दिल्ली, कर्तव्य पथ से लेकर लालकिला तक लोगों ने किया योग

**नई दिल्ली।** आज पूरे विश्व में 10वां विश्व योग दिवस मनाया जा रहा है। देशभर में अलग-अलग स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पूरे विश्व में योग दिवस की शुरूआत 2015 में हुई थी। योग शारीरिक व्यायाम का एक प्राचीन अभ्यास है। योग अभ्यासों में शारीरिक व्यायाम जिन्हें ह्यआसनह्न कहा जाता है। श्वास तकनीक और ध्यान शामिल हैं। योग मन, शरीर और आत्मा के बीच सामान्य कल्याण और सामंजस्य को बढ़ाने का प्रयास करता है। राजधानी दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर लोगों ने योग किया।

नई दिल्ली के लालकिला परिसर में योग दिवस के अवसर पर लोगों ने योगासन किया। कर्तव्य पथ पर भी योग दिवस के अवसर पर लोग योगासन के लिए जुटे। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने योग किया।



नई दिल्ली के लालकिला परिसर में योग दिवस के अवसर पर योगासन करते लोग







### कब मनाया गया पहला योग दिवस?

कोरोना काल के बाद योग का महत्व अधिक बढ़ गया। संक्रमण से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से लोग योग अभ्यास करने लगे। लेकिन इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की शुरूआत साल 2015 से हो गई थी। इस वर्ष ही पहली बार पूरे विश्व में योग दिवस मनाया गया था।

### योग दिवस का इतिहास

27 सितंबर 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त महासभा में दुनिया के तमाम देशों से योग दिवस को मनाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्वीकार करते हुए महज तीन माह के अंदर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन का ऐलान कर दिया। जिसके बाद अगले वर्ष 2015 में पहली बार विश्व ने योग दिवस मनाया।

### 21 जून को क्यों मनाते हैं योग दिवस?

योग दिवस को मनाने के लिए एक दिन सुनिश्चित किया गया, जो कि 21 जून है। 21 जून को योग दिवस के तौर पर मनाने की वजह भी है। इस तारीख को उत्तरी गोलार्द्ध का सबसे लंबा दिन होता है। जिसे ग्रीष्म संक्रांति कहते हैं।

# उत्तर प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान योग शिविर में हुए शामिल



**झांसी।** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को योग शिविर आयोजित किया गया। जिसमें शामिल हुए प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि सेहतमंद रहने का सबसे आसान से जरिया योग है। नियमित रूप से योगाभ्यास करने से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं।

ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित किए गए योग शिविर में विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारत में योग की प्राचीन परंपरा है। लेकिन, अब इसे दुनिया ने भी अपना लिया है। यह भारत के लिए गर्व की बात है।

आगे कहा कि शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी, खिलाड़ी व बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल हुए।

यहां सभी को योगाभ्यास कराया गया। साथ ही योग से होने वाले फायदों की भी जानकारी दी गई।

इस मौके पर सांसद अनुराग शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम, गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत समेत डीआईजी कलानिधि नैथानी, डीएम अविनाश कुमार, एसएसपी राजेश एस समेत प्रशासन के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# योग दिवस पर भगवा टीशर्ट में नजर आए सीएम योगी

## अनुलोम-विलोम सहित किए ये प्राणायाम







**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के राजभवन में आयोजित योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया और योगासन किए। इस दौरान वो हर रोज से अलग भगवा टीशर्ट में नजर आए। उन्होंने अनुलोम-विलोम सहित कई प्राणायम किए और लोगों से नियमित अभ्यास करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि योग एक संपूर्ण विधा है, जो हमें शारीरिक और मानसिक रूप से एकजुट करता है। प्रदेश वासियों से अपील है कि योग को नियमित अभ्यास का हिस्सा बनाएं, यह आपके स्वास्थ्य और दीर्घ जीवन के लिए अति उत्तम है। सभी योग साधकों एवं प्रदेश वासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं!

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योग सभी के लिए है। इसमें कोई भेदभाव नहीं है। इसमें जाति का भेद नहीं है। धर्म का भेद नहीं है। भाषा का भेद नहीं है। क्षेत्र का भेद नहीं है। ये सभी के लिए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद भी सामूहिक योगाभ्यास से जुड़कर हम सभी को इससे जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि योग से कोई चमत्कारिक परिवर्तन नहीं होंगे पर धीरे-धीरे इससे होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभ आपको स्वयं महसूस होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योग दिवस के माध्यम से हमें अपनी ऋषि परंपरा के प्रति श्रद्धावनत होने का एक मौका मिलता है। ये अवसर हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है जिनके विजन के कारण आज दुनिया भर के करीब पौने 200 देशों में योग किया जाता है। उन्होंने कहा कि अपनी विरासत, परंपरा और पूर्वजों के प्रति इससे बड़ा सम्मान दूसरा नहीं हो सकता है कि जो भी उन्होंने हमें दिया है। उसके साथ संपूर्ण मानवता को जोड़ें। योग संपूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी है और अनुकूल है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि योग भारत की ऋषि परंपरा का अमूल्य उपहार है, जो मानसिक और आध्यात्मिक उन्नयन के साथ शरीर को भी स्वस्थ रखता है।

# शालीमार गार्डन एक्सटेंशन- 2 में बड़ी संख्या में लोगों ने मनाया योग दिवस








**ट्रांस हिंडन, करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन एक्सटेंशन- 2 में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने योग साधना कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। शालीमार गार्डन एक्सटेंशन- 2 स्थित चंद्रशेखर आजाद पार्क में आयोजित भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने योग किया। इस दौरान योग गुरु ने प्रतिदिन योगा करने वाले लाभ के बारे में बताया। मौके पर पवन रेड्डी ने बताया कि नरेंद्र मोदी ने योग दिवस को अंतरराष्टीय्र घोषित करवाने में योगदान दिया। इससे हमारे देश का मान सम्मान बढ़ा। इस मौके पर पवन रेड्डी , मनोज अधिकारी, तारा रावत, वीरेंद्र दुबे, माधव सिंह, प्रवीण, भूपेश राहुल, मनीष गोयल, पारस नाथ, अशोक साहनी, राजिंदर, इंदू तोमर, लोकेश पंडित, मंगल सिंह, जुगल किशोर आदि मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद व आरोग्य भारती ने मनाया योग दिवस







**ट्रांस हिंडन, करंट क्राइम।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारत विकास परिषद इंदिरापुरम एवं आरोग्य भारती के संयुक्त तत्वावधान में माघव शाखा संघ स्थान पर भगवा घ्वज सम्मुख स्वामी विवेकानंद एवं भारत माता के चित्र का पूजन कर योग किया गया। लगभग 150 वरिष्ठ जन, मातृशक्ति युवा पीढ़ी ने योग दिवस मनाया। आरोग्य भारती प्रांतीय सह सचिव योगाचार्य खैलैनद चौधरी ने योग करने से होने वाले लाभ की जानकारी दी । इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग प्रचार प्रमुख अखिलेश चौधरी, महानगर प्रचार प्रमुख हरीश , कार्यक्रम प्रभारी अनिल गुप्ता, संयोजक अजय वालिया, परिषद अध्यक्ष विनिता वाजपेयी, महिला संयोजिका रिचा वालिया, आभा शर्मा, मनीषा वाघवा अरुण शर्मा , पार्षद धीरज अग्रवाल, पार्षद हरीश कड़ाकोटी, एवं कृष्ण त्यागी मौजूद रहे, मंच संचालन शाखा संरक्षक हेमंत वाजपेयी ने किया।

# हिमाचल में हजारों लोगों ने दिया निरोगी रहने का संदेश



**शिमला।** विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में बड़ी संख्या में कार्यक्रम हुए। प्रदेश आयुष विभाग की ओर से मुख्य कार्यक्रम का आयोजन शिमला के रिज मैदान पर किया गया। रिज पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल सहित करीब एक हजार लोगों से योगाभ्यास किया। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में मौजूद रहे राज्यपाल ने कहा कि भारत की परंपरा में ही योग रहा है।

भारत के ऋषियों ने इसे सभी लोगों को दिया लेकिन इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यावाद करते हैं कि उन्होंने अपने विशेष प्रयास से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग को करने के लिए एक ऐसी व्यवस्था की मांग की और संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में घोषित किया।

इसी का परिणाम है कि आज विश्व के 124 से अधिक देशों में शुरू हुआ योगाभ्यास बढ़ता चला जा रहा है। योग सतत प्रक्रिया है, उसे सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य की दृष्टि से और मानसिक संतुलन को बनाए रखने के लिए करना चाहिए। आयुष विभाग के निदेशक निपुण जिंदल ने कहा कि जिला स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जबकि रिज मैदान पर मुख्य कार्यक्रम हुआ। इसके अलावा विभिन्न संस्थाएं अलग-अलग स्थानों पर कई कार्यक्रम आयोजित किए। वहीं, दूसरी ओर प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में भी योगासन और प्राणायाम करवाया गया। उधर, भाजपा ने भी मंडल स्तर पर विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न कार्यक्रम रखे गए। इस दौरान लोगों ने विभिन्न योगासन किए।

### मंडी के सेरी मंच पर सैकड़ों लोगों ने एक साथ किया योग

जिला प्रशासन मंडी की ओर से आयुष विभाग के सहयोग से शुक्रवार को सेरी मंच पर 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान अतिरिक उपायुक्त रोहित राठौर भी उनके साथ कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया।

आयुष विभाग से डॉ. प्रिया पाठक ने योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया। वहीं मुख्य आयुर्वेदिक फामेर्सी अधिकारी अशोक कुमार ने बैठकर किए जाने वाले योगासनों का अभ्यास करवाया।

# डीएवी राजेंद्र नगर में किया गया योगाभ्यास कार्यक्रम



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** डीएवी पब्लिक स्कूल, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद में योग दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षक वर्ग ने संयुक्त योगाभ्यास का अभूतपूर्व दृश्य प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के लगभग 200 विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात गायत्री मंत्र पाठ एवं डीएवी गान के उपरांत योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति का मूल आधार है जो मानवता पर आधारित है अतः योग मानवता का पर्याय है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बदलती जीवन शैली में यह चेतना बनकर संयम और सदाचार का प्रतीक है। योग वस्तुतः मनुष्य और प्रकृति के बीच का अद्भुत सामंजस्य है जिसकी आज प्रत्येक व्यक्ति को अत्यंत आवश्यकता है। समापन अवसर पर प्रधानाचार्य ने योगाभ्यासियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए अलंकृत किया।

# सनवैली इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस









**ट्रांस हिंडन, करंट क्राइम।** वैशाली स्थित सन वैली इंटरनेशनल स्कूल में विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्या प्रीति गोयल द्वारा स्वस्थ एवं स्थायी जीवन शैली हेतु योगाभ्यास के महत्त्व को समझते हुए 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। 'दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर 110 छात्र-छात्राओं ने अत्यंत जोश व उत्साह के साथ भाग लिया। सभी छात्र योग-सत्र के लिए प्रातः 6 बजे ही विद्यालय प्रांगण में एकत्र हो गए थे। कार्यक्रम का प्रारंभ योग के महत्त्व और योग को दैनिक दिनचर्या में सम्मिलित करने से प्राप्त होने वाले लाभ पर विशेष संभाषण के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्या प्रीति गोयल ने सनवैली परिवार को संबोधित करते हुए योग को जीवन में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा फल- वितरण के साथ संतुलित एवं पौष्टिक-आहार को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। विद्यालय द्वारा स्वस्थ भारत निर्माण में दिखलाई गई सक्रियता तथा नई पीढ़ी में हमारी सांस्कृतिक परंपरा को नवऊर्जा प्रदान करने की यह चेष्टा अत्यंत सराहनीय है।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।।शनिवार 22 जून-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित








# रहें निरोग करें योग के संकल्प के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रहें निरोग करें योग के संकल्प के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कवि नगर रामलीला मैदान में जिला प्रशासन तथा सिविल डिफेंस द्वारा आयोजित योग दिवस शिविर में अधिकारियों और समाज के गणमान्य लोगों ने योगासन प्राणायाम किए। वही शहर की प्रमुख संस्थाओं, राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता भी योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।



पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं मुम्बई पुलिस कमिश्नर सतपाल सिंह।



पूर्व सांसद जनरल वीके सिंह।



एसडीएम लोनी निखिल चक्रवर्ती योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए।



पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी।



महिला मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मोनिका पंडिता व निगम पार्षद नीलम भारद्वाज।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में योग करते पुलिस अधिकारी।




क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा मयंक गोयल योग करते हुए।



भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा।



पुलिस आयुक्त अजय मिश्रा योग करते हुए।



भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया।



एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी।




डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल।



लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष डॉ. अतुल जैन।



पार्षद गौरव सोलंकी योग दिवस पर योग करते हुए।



पूर्व पार्षद हिमांशु लव की पत्नी आंचल शर्मा।



भाजपा नेता अश्वनी शर्मा।



भाजपा नेता सरदार एसपी सिंह योग करते हुए।



पूर्व चेयरमैन रीना भाटी।

## संपादकीय

# कहां गया दिल्ली के हक का पानी

देश की राजधानी दिल्ली में आम आदमी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है। पानी के लिए वह भगदड़ और हाथापाई का हिस्सा बनने को तैयार है। गंदा और प्रदूषित पानी लेने को भी तैयार है। पानी किसी की बपौती नहीं है, वह राष्ट्रीय संसाधन है, जो जिंदगी के लिए सांस सरीखा ही है। जो सरकार घर-घर नल में जल की हुंकारें भरती नहीं थकती, वह प्रधानमंत्री मोदी के ही नेतृत्व में दिल्ली में मौजूद है। देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के महलनुमा आवास भी दिल्ली में ही हैं। देश की संसद भी राजधानी से ही संचालित होती है। हालांकि उनकी दुनिया अति विशिष्ट है और पानी का कोई संकट नहीं है, लेकिन जो 28 लाख दिल्ली वाले पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, उनकी पीड़ा, उनका सूखापन तो उन सभी को दिखता ही होगा! देश की सर्वोच्च अदालत और प्रधान न्यायाधीश भी दिल्ली में ही हैं और जल-संकट और पानी की सियासत का मुद्दा उनकी अदालत में भी पहुंचा था, लेकिन न्याय क्यों नहीं दिया गया? यदि कोई अवमानना की गई है, तो उस पक्ष को तुरंत अदालत में तलब क्यों नहीं किया गया? बेशक पानी का संकट देश के माननीय न्यायाधीशों के लिए नहीं है, लेकिन आम आदमी तो संकट में है। उसे इंसाफ कौन देगा? एक तरफ आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार है। मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल में हैं। दूसरी तरफ भाजपा सरकार है। यही तो लोकतंत्र है, लेकिन दोनों पक्षों की सियासत के बीच आम दिल्ली वाला क्यों पिस रहा है? दरअसल यह राजधानी दिल्ली की सनातन समस्या है। प्रधानमंत्री मोदी भी बीते 10 सालों से इसे देख-महसूस कर रहे हैं!

पानी के लिए भागमदौड़ उस देश की राजधानी का निरंतर दृश्य है, जो विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत की प्रतिष्ठा और छवि दांव पर हैं। ऐसे निरंतर दृश्य तो हमने किसी गरीब और पिछड़े देश तक में नहीं देखे। केंद्र सरकार को हस्तक्षेप क्यों नहीं करना चाहिए? हम आंकड़ों और दावों की बाजीगरी में उलझना नहीं चाहते कि दिल्ली के हक का पानी कितना है? हरियाणा कितना पानी नहरों के जरिए दिल्ली को सप्लाई करता है? अंतरराज्यीय जल वितरण समझौते का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं? ये सवाल केंद्र सरकार और सर्वोच्च अदालत के बुनियादी सरोकार होने चाहिए। यदि दो राज्यों के बीच ऐसे विवाद हैं, तो अदालत को उन्हें अविलंब हल करना चाहिए। शीर्ष अदालत की और क्या भूमिका हो सकती है? दिल्ली का नंगा यथार्थ यह है कि कुछ निश्चित इलाकों में, झुग्गी-झोपड़ियों के आसपास और अनधिकृत बस्तियों में हमने साल-दर-साल पानी के टैंकर खड़े देखे हैं। पानी के लिए हमने मार-पिटाई होते भी देखी है। भविष्य में पानी पर ही विश्व-युद्ध हो सकता है, किसी विशेषज्ञ की ऐसी भविष्यवाणी को कैसे नकारा जा सकता है? बस्तियों के ये कुकुरमुत्ते सरकारों और राजनीतिक दलों ने अपने चुनावी स्वार्थ के मद्देनजर पैदा किए हैं तो अब उन्हें पानी, बिजली, अन्य संसाधन भी मुहैया कराओ। टैंकरों से ही जाहिर है कि पानी का संकट अनवरत रहा है। इस पर न तो कांग्रेस और न ही भाजपा की सरकारों ने ध्यान दिया।

# पिछले वर्ष डीआरआई ने जब्त कीं 3500 करोड़ की प्रतिबंधित सामग्रियां



**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने पिछले वित्त वर्ष में तस्करी के 623 मामलों का पता लगाया और 3500 करोड़ रुपये की प्रतिबंधित सामाग्रियां जब्त कीं। जब्त की गई सामग्रियों में सबसे ज्यादा ड्रग्स और सोना बरामद हुआ। दरअसल डीआरआई के प्रधान महानिदेशक मोहन कुमार सिंह भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) की एक संगोष्ठी को संबोधित किया। देश में सबसे ज्यादा ड्रग्स और गोल्ड की स्मगलिंग होती है। उन्होंने कहा कि स्मगलिंग को रोकने के लिए सप्लाई चेन को तोड़ना बहुत जरूरी है और यह सबसे बड़ी चुनौती भी है। डीआरआई ने पिछले वित्तीय वर्ष में कई सारी प्रतिबंधित सामग्रियों का पता लगाया। डीआरआई के प्रधान महानिदेशक मोहन कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा, आपूर्ति श्रृंखलाओं में घुसपैठ तस्करी पर अंकुश लगाने में एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। इन वस्तुओं की तस्करी के लिए हवाई यात्रियों, कोरियर और डाक कार्गो का इस्तेमाल किया जाना भी चिंता का विषय है। डीआरआई ने 623 तस्करी के मामलों का पता लगाया था। इसका मतलब है कि हर दिन औसतन 2 मामले सामने आते थे। तस्करी में डीआरआई ने 3,500 करोड़ रुपये जब्त किये थे। सिंह ने बताया कि इन स्मगलिंग में सबसे ज्यादा हिस्सा नशीले पदार्थों और साइकोट्रोपिक पदार्थों की होती है। इसके बाद सोना का नंबर आता है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा तस्करी फ्लाइट, कूरियर और पोस्ट कार्गो के जरिये होती है। ऐसे में इस पर रोक लगाना बहुत जरूरी है। सूत्रों के मुताबिक, डीआरआई ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1,658 किलो सोना जब्त किया, जो पिछले वर्ष जब्त किए गए सोने से 35 फीसद अधिक है। ऐसे में तस्करी के मामलों में आई तेजी को रोकना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ह्यअवैध सीमा व्यापार अंतरराष्ट्रीय मुद्दा है।

### ग्लोबल फोरम से निकलेगा समाधान

फिक्की कैस्केड के चेयरमैन अनिल राजपूत ने कहा कि अवैध व्यापार करने वाले रूट प्लानिंग से लेकर रिस्क असेसमेंट एवं स्ट्रेटजी (रणनीति) तक के लिए एआई एवं अन्य तकनीकों का प्रयोग करते हैं। तकनीक के इस दुरुपयोग से निपटने के लिए लगातार ध्यान देने की जरूरत है। ग्लोबल फोरम बनाने से इसका समाधान हो सकता है।

# शेयर बाजार में ऊपरी स्तरों से बिकवाली, सेंसेक्स 550 अंक टूटा



**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आईटी शेयरों में मजबूती से घरेलू शेयर बाजार में बढ़त का सिलसिला बरकरार रहा। हालांकि ऊपरी स्तरों पर बाजार में बिकवाली दिखी और प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स नीचे फिसल गए। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती बढ़त के बाद ऊपरी स्तरों से बिकवाली दिखी। बैंकिंग और एफएमसीजी शेयरों के टूटने से प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी कमजोर पड़ गए।

इस दौरान सेंसेक्स 500 अंकों तक फिसल गया। वहीं निफ्टी 23500 के नीचे आ गया। इससे पहले आईटी शेयरों में मजबूती से घरेलू शेयर बाजार में बढ़त का सिलसिला बरकरार रहा। शुक्रवार को सेंसेक्स 200 अंकों की बढ़त के साथ खुला जबकि निफ्टी 23600 का स्तर पार कर गया। हालांकि शुरूआती बढ़त के बाद बाजार में बिकवाली हावी होती दिखी। सुबह 9 बजकर 54 मिनट पर सेंसेक्स 2.25 (0.00%) अंकों की गिरावट के साथ 77,476.68 पर कारोबार करता दिखा। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी भी बढ़त गंवाकर महज 31.16 (0.13%) अंकों की तेजी के साथ 23,598.15 पर कारोबार करता दिखा। शुरूआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 1 पैसे की बढ़त के साथ 83.60 पर पहुंच गया।

# जेप्टो ने 66.5 करोड़ डॉलर जुटाए

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी जेप्टो ने वित्तपोषण के हालिया चरण में 66.5 करोड़ डॉलर (लगभग 5,560 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि इससे उसका बाजार पूंजीकरण 3.6 अरब डॉलर हो गया है, जो एक साल में लगभग तीन गुना हो गया है। मुंबई के इस स्टार्टअप द्वारा 1.4 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर 23.5 करोड़ डॉलर जुटाने के एक वर्ष से भी कम समय बाद यह विशाल धनराशि जुटाई गई है। कंपनी के हालिया वित्तपोषण चरण में एवेनीर, लाइटस्पीड, एवरा जैसे नए निवेशकों के साथ-साथ ग्लेड ब्रुक, नेक्सस, स्टेपस्टोन, गुडवाटर और लैशी ग्रूम जैसे पुराने निवेशकों ने भी भाग लिया। जेप्टो के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आदित पालिचा ने कहा, हम 29 महीनों में शून्य से एक अरब से अधिक की बिक्री पर पहुंच गए हैं, जो कि हमसे पहले किसी भी अन्य इंटरनेट कंपनी की तुलना में तेज है। इस समय एक अरब डॉलर से अधिक के आधार पर भी, हम सालाना आधार पर 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि कर रहे हैं।

# 2000 टन गैर बासमती चावल अफ्रीकी देशों को निर्यात

### एक साल में गेहूं के दाम दो फीसदी बढ़े



**नई दिल्ली।** सरकार ने दो अफ्रीकी देशों मलावी और जिम्बाब्वे को 2,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी है। वहीं पिछले एक साल में बढ़ी गेहूं की कीमतों में स्थिरता लाने के लिए सरकार हस्तक्षेप करेगी। दो अफ्रीकी देश मलावी और जिम्बाब्वे को दो हजार टन गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात के लिए अनुमति दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा, यह निर्यात राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड के जरिये होगा। वहीं घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए 20 जुलाई, 2023 से गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा है। हालांकि अनुरोध पर कुछ देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा दी गई अनुमति के आधार पर निर्यात की मंजूरी है। भारत ने पहले भी नेपाल, कैमरून, कोट डी आइवर, गिनी, मलयेशिया, फिलीपीन और सेशेल्स जैसे देशों को ऐसे निर्यात की अनुमति दी है। वहीं दूसरी ओर देश में पिछले एक साल में गेहूं की कीमतें दो फीसदी तक बढ़ी है। गेहूं की कीमतों में स्थिरता लेकर आने के लिए सरकार उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेप करेगी। इसके लिए गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंत्रियों की समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के बाद सरकारी बयान के अनुसार उन्होंने अधिकारियों को गेहूं की कीमतों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया है। बता दें कि इस समय गेहूं की औसत कीमत 30.99 रुपये है, जो कि एक साल पहले 28.95 रुपये प्रति किलो थी। वहीं आटे के दाम 34.29 रुपये से बढ़कर 36.13 रुपये हो गए है।

# भारत में हो रही भीषण गर्मी के बीच जनता झेल रही दोहरी मार



### लगातार दाल और सब्जी के बढ़ रहे दाम

**नई दिल्ली।** देश में ये स्थिति नवंबर 2023 से लगातार बनी हुई है। देश में मानसून के समय से पहले आगमन और सामान्य से अधिक वर्षा के पूवार्नुमान के बावजूद इसमें शीघ्र कोई कमी आने की संभावना नहीं है। इसके कारण, मुख्य मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक के 4% के लक्ष्य से ऊपर है। भारत में खाद्य मुद्रास्फीति सालाना आधार पर लगभग 8% बनी हुई है। देश में ये स्थिति नवंबर 2023 से लगातार बनी हुई है। देश में मानसून के समय से पहले आगमन और सामान्य से अधिक वर्षा के पूवार्नुमान के बावजूद इसमें शीघ्र कोई कमी आने की संभावना नहीं है। इसके कारण, मुख्य मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक के 4% के लक्ष्य से ऊपर है।

### जानें खाद्य मुद्रास्फीति के बढ़ने के पीछे कारण

भारत में भीषण गर्मी के कारण दालों, सब्जियों और अनाजों जैसे खाद्य पदार्थों की आपूर्ति में काफी कमी आई है, इतना अधिक कि खाद्य पदार्थों के निर्यात पर प्रतिबंध और आयात पर शुल्क कम करने का भी कोई खास असर नहीं हुआ है। गर्मी के महीनों में सब्जियों की आपूर्ति में आमतौर पर कमी आ जाती है, लेकिन इस वर्ष गिरावट बहुत अधिक है, क्योंकि देश के लगभग आधे हिस्से में तापमान सामान्य से 4-9 डिग्री सेल्सियस अधिक है। क्या मॉनसून में कम हो सकती हैं कीमतें मानसून की प्रारंभिक गति शीघ्र ही समाप्त हो गई और इसके परिणामस्वरूप इस मौसम में अब तक 18% वर्षा कम हुई है। कमजोर मानसून के कारण गर्मियों में बोई जाने वाली फसलों की बुआई में भी देरी हुई है, जो पर्याप्त बारिश के साथ ही पूरी गति से हो सकती है। मौसम विभाग ने मानसून के बाकी मौसम में औसत से अधिक बारिश का अनुमान लगाया है। कबतक कम होंगी कीमतें अगर मानसून फिर से एक्टिव होता है और सामान्य कार्यक्रम के अनुसार पूरे देश में छा जाता है तो अगस्त से सब्जियों की कीमतों में वृद्धि हो सकती है। हालांकि, आपूर्ति कम होने के कारण दूध, अनाज और दालों की कीमतों में कमी आने की संभावना नहीं है।

## राशिफल

**मेष:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अचानक किसी बड़े लाभ के योग है।

**वृष:** किसी अनहोनी के होने की आशंका रहेगी। कोई अप्रत्याशित खर्च हो सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मिथुन:** लेन-देन में धोखा खा सकते हैं। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। दुष्टजनों से सावधान रहें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**कर्क:** हित शत्रुओं से सावधान रहें। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त होगी

**सिंह:** किसी पुराने रोग से परेशानी हो सकती है। छोटी-मोटी यात्रा हो सकती है। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगाँ।

**कन्या:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। किसी भी तरह की उलझन में न पड़ें। भावना में बहकर कोई निर्णय न लें।

**तुला:** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। बाहर जाने का मन बनेगा। दांपत्य जीवन सुखमय व्यतीत होगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। प्रसन्नता का माहौल रहेगो।

**वृश्चिक:** शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद न करें। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगीं।

**धनु:** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग अपना कार्य लगन व उत्साह से कर पाएगा।

**मकर:** किसी पुराने रोग के उभरने की आशंका है। किसी भी तरह की बहस में हिस्सा न लें। कोई दु :खद समाचार की प्राप्ति संभव हे।

**कुंभ:** सुख के साधन जुटेंगे। प्रयास सफल रहेंगे। रिश्तेदारों तथा मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन:** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। किसी बड़े कार्य को करने की प्रेरणा प्राप्त होगी।

## चुटकुले

बीवी ने नया सिम खरीदा और सोचा कि पति को सरप्राइज दूंगी।
वह किचन में गई और पति को फोन किया।
बीवी- हैलो डार्लिंग।
पति (धीरे से बोलते हुए)- तुम बाद में फोन करना, अभी चुड़ैल किचन में है।

---

संता- यार तू अपनी बीवी को किस नाम से बुलाता है?
बंता- गूगल डार्लिंग
संता- ये कैसा नाम हुआ।
बंता- क्या करूं, सवाल एक करता हूं और जवाब 100 मिलते हैं।

---

ट्रैफिक पुलिस- चालान काटना पड़ेगा, बताइए नाम बताइए...
युवक- याज्ञ्यल्कवल्क्यदास रामानुक्नस्मीजणचार्य ययुत्सु
ट्रैफिक पुलिस- अब की बार छोड़ रहा हूं, फिर कभी सिग्नल तोड़ना नहीं...!

## रोचक तथ्यों का करंट

- तापमान चाहे कितना भी कम क्यों न हो जाए, गैसोलीन कभी भी नहीं जमता।
- पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने के लिए राकेट को 7 माइल्स प्रति सेकंड से जाना पड़ता है।
- सबसे पुराना रेडिओ प्रसारण 1930 में हुआ।
- लाइट की गति से भी हमे अपने पास वाली गैलेक्सी एंड्रोमेडा में जाने के लिए 2 मिलियन वर्ष लगेंगे।
- 2000 किलोमीटर दूर ग्रेड बैरियर रीफ धरती की सबसे बड़ी जीवित संरचना है।
- दुनिया में समुद्र में सबसे ज्यादा गहराई मरिआना ट्रेंच में है जो पेसिफिक समुद्र में है। इसकी गहराई 35,797 फीट है।
- धरती से किसी उल्कापिंड के टकराने का खतरा 9300 में से एक बार होता है।
- हम रात को आकाश में लाखों तारे देखते है, लेकिन वह उस जगह नही होते बल्कि कही और होते है।
- न्यूक्लीयर रिएक्टरों को ठंडा किया जाए तो सुक्ष्म जिव भी संघर्ष कर सकते है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया विवेकानंद देशयोग गुरुकुल का उद्घाटन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वर्ण जयंतीपुरम में देशयोग चैरिटेबल ट्रस्ट की बाल-शाखा विवेकानंद देशयोग गुरुकुल का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर मंत्री सुनील शर्मा ने गुरुकुल के बच्चों से बातचीत करके उनका उत्साहवर्धन किया और उनकी प्रस्तुति की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कैबिनेट मंत्री ने देशयोग चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किए गए तकनीकी प्रयोगों का अवलोकन किया और इस दिशा में हर तरह की सहायता का भरोसा दिलाया। जीवन में शिक्षा के महत्व को समझाते हुए मंत्रीजी ने देशयोग परिवार के सदस्यों द्वारा किए जा रहे कार्य को दैवीय कार्य बताया। उन्होंने बताया कि जैसे माता पिता सबसे कठिन कार्य अपने सबसे ज़िम्मेदार बच्चे को सौंपते है, वैसे ही अभावग्रस्त परिवार के बच्चों की शिक्षा की ज़िम्मेदारी ईश्वर ने देशयोग परिवार के सदस्यों को सौंपी है। देशयोग चैरिटेबल ट्रस्ट की प्रार्थना को स्वीकार करते हुए उन्होंने विवेकानंद देशयोग गुरुकुल के बच्चों को स्कूल ड्रेस, जूता-मोजा, स्कूल बैग, खेल खिलौने की सामग्री और अन्य जरूरी सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर देशयोग परिवार के संरक्षक चौधरी किशनबीर सिरोही ने भी गुरुकुल के बच्चों में उत्साह का संचार किया। देशयोग चैरिटेबल ट्रस्ट के योगाचार्य सुभाष देशयोगी ने विवेकानंद देशयोग गुरुकुल के विजन को बताते हुए कहा कि आज जो एक छोटा सा प्रयास



शुरू हुआ है, शीघ्र ही एआई तकनीकी के इस्तेमाल से हम ऐसे ढेर सारे गुरुकुल की शाखाओं को एक स्थान से जोड़ेंगे जहां टीचर एक जगह पर बैठकर सभी शाखाओं के बच्चों का ध्यान रख पायेंगे। इस अवसर सुभाष चंद्र, राहुल तोमर, मुनीष भार्गव, मुदित भार्गव, ओम गुलिया, अजय कुमार निगम, रोहताश अवाना और सक्षम इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# वीवीआईपी एड्रेसेस सोसाइटी में मेयर सुनीता दयाल ने दीप प्रज्वलित कर योग दिवस का शुभारंभ किया




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शुक्रवार को वीवीआईपी सोसाइटी के क्रिकेट ग्राउंड में शिविर लगाकर सुबह 6 से 7:00 बजे तक धूमधाम से मनाया गया। शिविर का उद्घाटन गाजियाबाद की महापौर श्रीमती सुनीता दयाल ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राम बहादुर पाठक विधान परिषद सदस्य रहे। उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, समाजसेवी जे पी कश्यप, सतीश जैन, योगाचार्य डॉक्टर सुरेंद्र त्यागी, मुख्य योग शिक्षिका श्रीमती सुधा त्यागी, कुसुम तोमर, रीता यादव एवं अशोक मित्तल शामिल रहे। कार्यक्रम को संचाालित करने वाले हरी राज, के के दुबे, बालिस्टर, लायक सिंह एवं वीवीआईपी के सदस्य राजेंद्र त्यागी, प्रवीण, मोनिका सिंघल, श्रीराम सेवा समिति के अविनाश पांडे, मदन कुमार का विशेष सहयोग रहा। योग शिविर में 600 से 700 से लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।




# महापौर के निर्देश पर विजय नगर के तीन आरओ प्लांट सील

## भूजल दोहन करने वालों पर होती रहेगी कार्रवाई







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक दिन पहले महापौर सुनीता दयाल ने लघु सिंचाई विभाग एवं जलकल विभाग के अधिकारियों के साथ घटते भूजल को लेकर बैठक की जिसमें बड़े बड़े औद्योगिक इकाइयों के साथ साथ डेयरी और आरओ प्लांट वाले भी शामिल रहे। शुक्रवार को विजय नगर क्षेत्र के मोहित बैसला आरओ प्लांट प्रताप विहार, एसके वॉटर सप्लाई चरण सिंह कॉलोनी एवं जुनैद वॉटर सप्लाई चरण सिंह कॉलोनी में प्लांट सीलिंग की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता हरिओम कुमार, अवर अभियंता शीषमनी यादव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

महापौर ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई रोजाना चलेगी। साथ ही जल्द बड़े बड़े कारखानों, फार्महाउस, हाइराईज बिल्डिंग, एवं औद्योगिक इकाइयों पर भी कार्रवाई होगी जिससे जल दोहन को बचाया जा सके। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि जल दोहन के प्रति नगर निगम एवं लघु सिंचाई विभाग मिलकर कार्रवाई कर रहे है ऐसे में शहरवासियों को भी भूजल दोहन के विषय मे जागरूक होने की जरूरत है ताकि भविष्य के लिए पानी बचाया जा सके। अभी कुछ ग्रामीण क्षेत्र संज्ञान में आये हैं जिसके बारे में बताया गया है कि सबमर्सिबल लगाकर घंटों जानवरों एवं घर कोधोया जाता है, पीने योग्य जल को नाली एवं सीवर में बहाया जाता है जिस पर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नीट परीक्षा पत्र लीक होने पर सरकार के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओ ने इसे सरकार की विफलता बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने एक ज्ञापन भी सौंपा।

# श्रीराम ग्राउण्ड में किया गया ऐतिहासिक योग अभ्यास : सतपाल प्रधान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी की इन्द्रापुरी की टंकी वाले पार्क में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शिविर लगाकर योग किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल प्रधान शामि हुए। इस मौके पर सत्यपाल प्रधान ने कहा कि योग प्राची भारतीय परंपरा है। युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने मिलकर हजारों की संख्या में योग गुरु के माध्यम से अनेक प्रकार के आसन करवाए। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भारत देश की पहचान योग द्वारा पूरे विश्व में करा दी है। अनेक देश हमारी सभ्यता को अपना रहे हैं और आज कई देशों में योग दिवस मनाया जा रहा है इसलिए हम 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर समारोह कर रहे हैं। आज पूरी दुनिया योग को अपना कर लाभान्वित हो रही है जो शरीर, मन और आत्मा को जोड़ता है। योग कार्यक्रम में सम्मिलित लोगों ने योगाभ्यास किया जिसमें वरिष्ठ नेता सत्यवीर प्रधान, योग अध्यापक कृष्ण शर्मा, अनंत राम गुप्ता, सभासद सत्येन्द्र बंसल, रूपेंद्र चौधरी, सैनिक संयोजक सुनील फौजी, जिला महामंत्री राम अवतार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप सोलंकी, जिला मंत्री अंकित पंडित, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मोहित राजपूत, मंडल अध्यक्ष सम्राट पृथ्वी सिंह, मंडल उपाध्यक्ष राजेश



ठाकुर, मंडल महामंत्री प्रशांत ठाकुर एवं जिले के पदाधिकारी, मंडलों के अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# प्राण योग साधना से बिना दवा के हो सकते हैं रोगमुक्त: त्रिपाठी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोविंदपुरम में प्राण योग ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क चिकित्सा साधना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समस्त शारीरिक, मानसिक समस्याओं का प्राण योग से निदान की जानकारी दी गई। चिकित्सा साधना शिविर को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए हिंदी के प्रख्यात साहित्यकार लेखक, कवि नागेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि प्राण योग के द्वारा हम गंभीर से गंभीर रोगों का इलाज बिना दवा के कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमारा शरीर पांच तत्वों पृथ्वी, जल, वायु, आकाश तथा अग्नि से बना है इसमें किसी भी तत्व के असंतुलन से ही शरीर बीमारियों का घर बन जाता है प्राण योग एक ऐसा योग है जिसमें हम साधना के द्वारा जो चाहें वह प्राप्त कर सकते हैं।हमारे देश में ऋषि, मुनि साधना में लीन रहते थे और इस कारण लंबी आयु तक जीवित रहते थे। आज हम भी योग साधना को अपनाकर रोगमुक्त हो दीघार्यु प्राप्त कर सकते हैं एवं स्वस्थ रह सकते हैं। केंद्र संचालिका मोनिका ने ओंकार जाप, आभा मंडल की सफाई, पांच प्रतिज्ञा के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं नंदग्राम की केंद्र संचालिका मधु भारती ने शिव शक्ति साधना, प्राण वृद्धि साधना एवं श्वासन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सभी लोगों को स्वस्थ रहने के लिए प्राण योग अपनाना चाहिए। उक्त शिविर के आयोजन में प्रमुख रूप से बलराम, योगी ललित वर्मा, संजय तिवारी आदि ने सक्रिय योगदान किया।

# मोदीनगर में दर्जनों स्थानों पर योग दिवस मनाया गया

# 69 वर्षीय पूर्व सांसद व मुंबई पुलिस कमिश्नर ने वृक्षासन कर सबको चौंका दिया






**मोदीनगर करंट क्राइम।** शुक्रवार को शहरभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। स्कूल, कॉलेज, पार्क, सोसाइटी सहित अन्य स्थानों पर योग शिविर लगाए गए। मुख्य कार्यक्रमों में पूर्व सांसद, विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी आदि शामिल हुए। इन शिविरों में विभिन्न योगासन कराए गए और जीवन में योग को अपनाने का संकल्प लिया गया। ग्राम सीकरीकला स्थित पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट (पतंजलि वेलनेस सेंटर) मोदीनगर के सौजन्य से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक विशाल योग व फिजियोथैरेपी का शुभारंभ पूर्व सांसद डॉ0 सत्यपाल सिंह व विधायक डॉ0 मंजू शिवाच ने सयुक्त रूप से किया। इस दौरान पूर्व सांसद डॉ0 सत्यपाल सिंह न्ने योग दिवस के अवसर पर आयोजित किये गये योगाभ्यास कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुये वृक्षासन करके सबको चैंका दिया और मौजूद आगुन्तकों ने यह देख उनकी जमकर प्रशंसा की। इस दौरान पतंजलि वेलनेस सेंटर मोदीनगर से सेवा प्रमुख स्वामी आरोग्य देव व अनेक सामाजिक व विभिन्न राजनीतिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि सहित प्रशासनिक अधिकारी आदि मौजूद रहें। इसके अलावा भाजपा नगर ईकाई ने भी योगा दिवस पर योगाभ्यास करते हुये योग दिवस मनाया। जिसमें विधायक डॉ0 मंजू शिवाच, स्वदेश जैन, रोहित सिंघल, महेश तायल, विजय बाल्मीकि सहित अनेक भाजपाईयों ने हिस्सा लिया। मोदी सांइस



एण्ड इंटर कॉलिज, टीआरएम पब्लिक सकूल, गिन्नी देवी पीजी कॉलिज, विवेक सांइस एण्ड कॉमर्स कॉलिज, छाया पब्लिक स्कूल, राधा योगा संस्था, रानी लक्ष्मीबाई फॉउंडेशन, मातृभूमि सेवा संघ सहित दर्जनों शासकीय व गैर शासकीय संस्थाओं आदि में योग दिवस मनाया गया।

# राजस्व एवं सिविल बार एसोसिएशन तहसील मोदीनगर के अध्यक्ष सुधीर वशिष्ठ व सचिव संजय मुद्गल बने



**मोदीनगर करंट क्राइम।** शुक्रवार को राजस्व एवं सिविल बार एसोसिएशन तहसील मोदीनगर की एक आवश्यक बैठक श्री सुधीर वशिष्ठ अध्यक्ष की अध्यक्षता में तहसील परिसर में सम्पन्न हुई। जिसमें कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में मूल रूप से वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने के उपरान्त राजस्व एवं सिविल बार एसोसिएशन के आगामी चुनाव कार्यकम नई कार्यकारिणी के गठन किये जाने के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया। बैठक मे प्रस्तावित मुददों पर गम्भीर रूप से विचार विमर्श किया गया तथा सभी बार के सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि राजस्व एवं सिविल बार एसोसिएशन मोदीनगर की नवीन कार्यकारिणी का गठन किये जाने हेतु चुनाव प्रक्रिया को ना अपनाकर सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारीगणों द्वारा अपनी सहमति दी गई। जिसके पश्चात वर्ष 2024-2025 के लिये पदाधिकारिगणों का चयन किया जाना उचित रहेगा। जिसमें सुधीर वशिष्ठ एडवोकेट को पुनः बार का अध्यक्ष चुना गया व संजय मुदगल एडवोकेट को पुनः सचिव चुना गया तथा संरक्षक मण्डल में रामकुमार कलकल एडवोकेट, महेश यादव एडवोकेट, शौकत हुसैन एडवोकेट व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरूण दहिया एडवोकेट, उपाध्यक्ष राखी त्यागी एडवोकेट, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अंकित शर्मा एडवोकेट, सहसचिव रेखा गिरी एडवोकेट, कोषाध्यक्ष मोहित बंसल एडवोकेट, मीडिया प्रभारी विजय वशिष्ठ, सहसचिव प्रशासन मृदु बिन्दल, सांस्कृतिक सचिव कीर्ति सिंह, सपना व आर्डिटर यतेन्द्र चैधरी को चुना गया तथा वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यगण के रूप में महेश यादव, नवीन जायसवाल, नितिन कुमार, मनोज कुमार, संजीव शर्मा, गोविन्द शर्मा, अतुल कुमार त्यागी एडवोकेट को चुना गया। चुने गये पदाधिकारियों को तहसील अधिवक्ताओं व शहर के अनेक गणमान्य लोगों ने बधाई दी।

# योगी ही निरोगी है

# पुलिस कमिश्नरेट में भी जोश के साथ मनाया गया योग दिवस


पुलिस लाइन में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेते कमिश्नरेट के पुलिस अधिकारी।


पुलिस लाइन में योग करते अधिकारी।


योग करते एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल।


डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव।


योग करते पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल।


निवाड़ी थाने में योग करते पुलिसकर्मी।


एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी।


डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल।







महिला थाने में योग करती पुलिस कर्मी।


इंस्पेक्टर विभा।


एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम।




ज्योति।


वैष्णवी।




कोलम्बो, श्रीलंका के माउंट लाविनिया समुद्र तट पर दीपक ओबरॉय ने अपने सुपुत्र विदित ओबेरॉय के साथ मनाया योग दिवस।





## योग करने से दूर होंगे रोगःसचिन सोनी



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सचिन सोनी ने देव भूमि उत्तराखंड,उत्तरकाशी के जी पी. राजकीय आदर्श कीर्ति इंटर कालेज मैदान में योग किया। कार्यक्रम में विधायक गंगोत्री सुरेश चौहान,जिला अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, मुख्य विकास अधिकारी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला व्यवस्थता प्रमुख मनोज वर्मा, भटवाड़ी ब्लाक प्रमुख विनीत रावत उपस्थित रहे। योगाचार्य डॉ. कुलदीप व उनकी टीम के सदस्यों ने योग साधकों को योग कराया।




## कमिश्नरेट से बाहर भेजे गए बड़ी संख्या में टू-स्टार

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद को लेकर एक के बाद खबरें सुनाई दे रही हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि गाजियाबाद कमिश्नरेट में लगभग दो सौ की संख्या वाले टू-स्टार जल्द ही कमिश्नरेट सिस्टम से दूसरे जिले और कमिश्नरेट में रवाना किए जाएंगे। सूत्र बता रहे हैं कि शुक्रवार देर रात 184 से अधिक का मामला सेट हो गया है। बताया जा रहा है कि इन टू स्टार के जाने का सीधा असर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम पर भी पड़ेगा। यहां से लगभग सौ के आसपास टू-स्टार रवाना किए जाएंगे। जिनका यहां का समय पूरा हो गया है। सूत्र कह रहे हैं कि इतनी बड़ी संख्या में टू-स्टार के जाने का असर पुलिसिंग और अन्य वर्किंग व्यवस्था पर भी पड़ेगा। कहा जा रहा है कि सभी जोन से इसमें टू-स्टार शामिल होंगे, तो वहीं लाइन और साइड लाइन चल रहे कार्यालयों में भी इसका असर देखने को मिल सकता है। उधर विश्वसनीय सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि टू-स्टार की इस बड़ी वाली लिस्ट में साइन हो गए है जो देर रात जारी कर दी गई हैं। वैसे भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के टू-स्टार स्तर पर मेहरबानी रुकी हुई थी। वहीं अन्य कमिश्नरेट और जोन में यह आदेश पहले ही जारी हो चुके हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि इन टू स्टारों के जाने के बाद कई खास कार्यालय चौकी और साहब लोगों के पब्लिक रिलेशन ऑफिस भी फ्री हो जाएंगे। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि इन दिनों कुछ खास ऑफिस के टू-स्टार ओवरलोड भी हैं। हो सकता है कि इतनी बड़ी संख्या में टू-स्टारों के कार्यक्षेत्र बदलने का असर वहां पर भी देखने को मिल जाएगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि कई चौकी खाली होंगी तो कई और चेहरों को भी नए अनुभव प्राप्त होने हैं। बताया जा रहा है कि सोमवार के बाद फिर लोकल वाली लिस्ट को लेकर सोर्स सिफारिश का खेल चलेगा। सुनने में आया है कि बैच 2015 के बहुत सारे फेस ऐसे हैं जो अपने लिंक वालों का भी लिंक करवाएंगे। इन सबके बीच सुनने में आया है कि अगर कमिश्नरेट में इस बार चौकी के लिए भी इंटरव्यू वाला प्लान लागू हो गया तो कई तरह की चर्चाएं भी सुनने को मिल सकती हैं। वैसे पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में 2015 बैच के जाने का असर अवश्य दिखेगा।




## योग ही देशवासियों के स्वास्थ्य की रीढ़ है : मयंक गोयल







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में राजनगर मंडल के अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक की अगुवाई और विजय कोरी के संयोजन में संजय नगर सैक्टर 23 स्थित स्कल्पचर पार्क में विश्व योग दिवस मनाया गया। योग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल उपस्थित रहे। मयंक गोयल ने अपने संबोधन में योग को देशवासियों के स्वास्थ्य की रीढ़ बताते हुए कहा कि हमें हर हाल में अपनी आने वाली पीढ़ी को योग की महत्वता बताते हुए इससे लगातार जुड़े रहना है जिस किसी बीमारी का इलाज लाइलाज हो जाता है तो केवल योग वाला ही व्यक्ति बीमारी से मुक्त रहकर अपना जीवन ठीक से जी सकता है। इस दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष अमरदत्त शर्मा ,महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी , राजनगर मंडल अध्यक्ष ओमदत्त कौशिक एडवोकेट, योगाचार्य सुनील तिवारी,अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष आर एन राम , महिला मोर्चा अध्यक्ष कविता चौहान ,संतोष देवी ,डॉक्टर सागर कश्यप , विनोद ,मनोज गिरी ,प्रदीप गर्ग , हरीश शर्मा, अनिल अरोड़ा, सुशील शर्मा ,कौशल तेवतिया, ऐ के सिंह ,रविदत्त कौशिक एडवोकेट, दीपक त्यागी एडवोकेट,भूषण शर्मा, राहुल शर्मा ,अनिल माथुर , अनिल कुमार सिंह, कार्यक्रम संयोजक विजय कोरी , राजनगर मंडल के देवतुल्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता,सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

## योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं: मानसिंह गोस्वामी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भोपुरा मंडल में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के निर्देश और मंडल अध्यक्ष ओमेंद्र कसाना के नेतृत्व में योग दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र सैन ने कार्यक्रम की सुन्दर व्यवस्था की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल रहे क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने कहा कि योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। मास्टर जितेंद्र सेन ने कहा कि रोगों से बचने के लिए योग अनिवार्य है। ओमेंद्र कसाना ने सभी का अभिनंदन किया।

## लोनी में मनाया योग दिवस योग करो स्वस्थ रहो



**लोनी करंट क्राइम।** शुक्रवार को लोनी मे 10 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गाजियाबाद सत्यपाल प्रधान के नेतृत्व मे इन्द्रापुरी की टंकी वाला पार्क एंव सी.बी.एस वाटिका गंगा विहार मे सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया जहां जिलाध्यक्ष ने सबको बताया कि योग एक प्राचीन भारतीय परंपरा है जिसका उल्लेख पतंजलि योग सूत्र,ऋग्वेद और उपनिषदों मे मिलता है आज पूरी दुनिया योग को अपना कर लाभान्वित हो रही है जो शरीर, मन और आत्मा को जोड़ता है। योग के नियमित अभ्यास से शारीरिक लचीलापन, मांसपेशियों की मजबूती और मानसिक शांति प्राप्त होती है। योग दिवस के अवसर पर विश्वभर में बड़े पैमाने पर योगाभ्यास सत्र आयोजित किए जाते हैं,योग एक संपूर्ण विधा है, जो हमें शारीरिक और मानसिक रूप से एकजुट करता है योग को नियमित अभ्यास का हिस्सा बनाएं, यह आपके स्वास्थ्य और दीर्घ जीवन के लिए अति उत्तम है आज की भागती-दौड़ती जिंदगी में तनाव एवं बीमारियों से दूर रहें। जिसके बाद सभी सम्मिलित लोगो ने योगाभ्यास,किया जिसमे मुख्य रूप से सम्मानित जिले के पदाधिकारी मंडलों के अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ता एवं सम्मानित क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

## करणी सेना के अध्यक्ष की अभद्र टिप्पणी के खिलाफ एफआईआर का निर्णय लिया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** करनी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू द्वारा जाट समाज और गुर्जर समाज के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में राष्ट्रीय जाट महासभा भारत की एक बैठक में मधुबन बाबूराम थाने पर जाकर करनी सेना के अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर कराने का निर्णय लिया। बैठक में राष्ट्रीय जाट महासभा (भारत) के प्रदेश अध्यक्ष अजय पाल प्रमुख ,जिला अध्यक्ष गाजियाबाद आनंद चौधरी, प्रदेश महासचिव संदीप चौधरी, पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष युवा चौधरी मोहित मलिक, प्रदेश सचिव सोहनवीर सिंह, युवा जिला अध्यक्ष विशाल नरवाल, सोशल मीडिया अंकुर मलिक, मेरठ मंडल युवा महासचिव सचिन चौधरी, कुलदीप चौधरी,प्रवीण चौधरी एडवोकेट, मनोज चौधरी ,अर्जुन सिंह,राजेंद्र चौधरी,धर्मेंद्र राणा,राहुल चौधरी ,उज्ज्वल चौधरी, बादल चौधरी महरौली,अमरनाथ शर्मा, सतेंद्र चौधरी, सोनू चौधरी ,सागर चौधरी,नरेंद्र नंबरदार एवं सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## गोविंदपुरम में आरएसएस ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोविंदपुरम द्वारा सिटी पार्क में सैकड़ों संख्या में पहुंचकर नागरिकों न ेयोग कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोविंदपुरम के पदाधिकारियों सहित गोविंदपुरम के गणमान्य सदस्यों ने भी योग कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर बच्चों ने भी योग का शानदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं समाज के कई प्रबुद्ध नागरिकों ने अपने विचार प्रकट करते हुए योग के महत्व के बारे में बताया और योग को अपनी दैनिक कार्यक्रम में शामिल करने की अपील की। अंत में सभी को शिकंजी पिलाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## विकास मंच ने किया डब्लू दिल्ली 6 मॉल पर योग कार्यक्रम






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास मंच के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर के डब्लू दिल्ली 6 मॉल पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया , जिसमें योग प्रोटोकॉल के तहत तीन योगाचार्य द्वारा योग कराया गया। इस अवसर पर अंकित मिश्रा द्वारा सूक्ष्म आसन ,डॉ. अंजू यादव द्वारा आसान क्रियाएं , डॉ. कमलदीप शास्त्री द्वारा प्राणायाम कराया गया। कार्यक्रम में महंत नारायण गिरी, डॉक्टर अनिल अग्रवाल पूर्व राज्यसभा सांसद, , भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, दिल्ली 6 मॉल प्रबंधन से विशाल शर्मा , त्र्यंबक त्रिपाठी, छवि अग्रवाल ,अरुण कुमार आदि शामिल रहे। कार्यक्रम के संयोजक अभिषेक शर्मा द्वारा अपनी कार्यकारिणी के साथ मिलकर अतिथियों का सम्मान किया गया। अतिथियों द्वारा योग को अपने जीवन में स्थान देने पर जोर दिया गया। गाजियाबाद विकास मंच के संयोजक अभिषेक शर्मा व अतिथियों द्वारा राजनगर एक्सटेंशन की सोसायटियों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया व कार्यक्रम में भाग ले रहे सभी योग साधकों को सर्टिफिकेट देकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सहयोगी संस्थाएं भगवान परशुराम सेवा न्यास ,नारी कवच फाउंडेशन, बिग स्माइल फाउंडेशन, मां लक्ष्मी फाउंडेशन, मीडिया एक्सपर्ट का मुख्य रूप से सहयोग रहा। कार्यक्रम में आयोजन समिति से विजेंद्र विद्रोही, संदीप सिंघल , आशुतोष तिवारी, अरविंद भारद्वाज ,बीपी उपाध्याय, दिनेश प्रताप सिंह, अमित शर्मा, पवन द्विवेदी ,विशाल शर्मा, विशाल गौड,आदित्य शर्मा, मनोज अग्रवाल, अंकित त्यागी, सिमरन रंधावा, स्वाति शर्मा ,दिशा शर्मा ,डॉक्टर दर्शन अग्रवाल, के के पांडे ,आदेश वत्स, सचिन पाल सिंह, राजेश तिवारी, सुभाष पांडे , देवेंद्र चौबे आदि मौजूद रहे।

# पॉलिथीन अभियान को लेकर घमासान, व्यापारी और निगम दस्ता आया आमने-सामने, मारपीट व तोड़फोड़ के लगे आरोप

## सिहानी गेट थाने में व्यापारी और पार्षदों का प्रदर्शन, देर शाम हुई एफआईआर दर्ज

● सोशल मीडिया पर वायरल हुई मारपीट की वीडियो



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार को प्रतिबंधित पॉलिथीन पर कार्रवाई करने सब्जी मंडी पहुंचे निगम दस्ते पर पथराव हो गया। इस दौरान आरोप है कि पार्षद और उनके सहयोगियों ने घटना को अंजाम दिया। जिसमें नगर निगम दस्ते में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने व्यापारियों पर मारपीट कर दी। उधर व्यापारियों का आरोप है कि निगम के दस्ते में जो लोग मौजूद थे, उन्होंने भी मारपीट की है। हंगामे और मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पार्षद प्रवीण मुलायम को हिरासत में ले लिया। थाने ले गई पार्षद को पकड़े जाने की सूचना के बाद कई पार्षद सिहानी गेट थाने पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने बाद में पार्षद को छोड़ दिया। इस मामले में देर शाम पुलिस ने तरुण उर्फ रिंकू, अतुल गौतम और अज्ञात भीड़ के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। निगम के कर अधीक्षक की ओर से लिखवाए गए मुकदमें में पुलिस ने धारा 147, 148, 323, 332, 336, 352 और 353 की गंभीर रुप से केस दर्ज कर लिया है। हालांकि इस मामले में पुलिस अन्य तथ्यों की भी जांच कर रही है।



### पार्षद राजीव शर्मा की हुई एसीपी से बहस

करंट क्राइम । सिहानी गेट थाने में पार्षद को ले जाने की सूचना मिलने के बाद कई पार्षद और कांग्रेसी नेता पहुंच गए। वहां भाजपा पार्षद राजीव शर्मा ने एसीपी नंदग्राम रवि कुमार से कहा कि पुलिस पार्षद को गिरफ्तार करने पर अड़ी हुई है, इसलिए थाने लेकर आई है। मौके पर पार्षद हिमांशु शर्मा, नीरज गोयल, शीतल देवल समेत पूर्व कांग्रेस शहर अध्यक्ष लोकेश चौधरी ,पूर्व रालोद अध्यक्ष अरुण चौधरी, गौरव चोपड़ा, हिंदू रक्षा दल के पिंकी चौधरी, सत्यम पंडित, संकेत कटारा भी थे। इस दौरान नेताओं और अधिकारियों की बहस भी हुई।



### व्यापारियों का आरोप, निगम दस्ते ने डंडे बरसाए

**करंट क्राइम।** सिहानी गेट थाने पहुंचे व्यापारी उमेश कुमार ने कहा कि निगम दस्ते ने डंडे बरसाए। बिना किसी कारण ही दुकान में जबरन घुसने का प्रयास कर रहे थे। इसके अलावा मिंटू, बिल्लू और अमित और राकेश को भी चोट आई हैं। इस मौके पर सिहानी गेट थाने पहुंचे व्यापारी नेताओं में संदीप बंसल, पप्पू लाहोरिया, संजीव लाहोरिया, राजू छाबड़ा, सुभाष छावड़ा, सुनील चाचा, प्रवीण बत्रा सहित अन्य व्यापारी भी मौजूद रहे।





### कई घंटे चला हंगामा, बड़ी संख्या में पहुंचे पार्षद और नेता

**करंट क्राइम।** सब्जी मंडी में व्यापारियों के साथ नगर निगम के दस्ते की मारपीट की सूचना जैसे ही सोशल मीडिया से अन्य लोगों को पहुंची, तो बड़ी संख्या में पार्षद प्रवीण मुलायम के समर्थन में पार्षद सिहानी गेट थाने पहुंच गए। इसके साथ ही व्यापारियों का मामला सामने आने के बाद पार्षद राजीव शर्मा, प्रदीप चौहान, शीतल चौधरी, अजय शर्मा, हिमांशु शर्मा, हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी, पूर्व रालोद अध्यक्ष अरुण चौधरी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश चौधरी, वर्तमान अध्यक्ष विनीत त्यागी, पार्षद नीरज गोयल, संतोष सिंह, पूनम सिंह सभी लोगों ने पुलिस से पार्षद मुलायम को छोड़ने की रिक्वेस्ट की। साथ ही मुलायम के साथ पुलिस के अधिकारियों से भी बातचीत की गई। देर शाम इस मामले में सिटी जोन के कर अधीक्षक नगर निगम रामबली पाल की शिकायत पर पार्षद के भाई अतुल और व्यापारी तरुण पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ. अतुल जैन ने दी योग दिवस की बधाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला प्रशासन द्वारा कविनगर रामलीला मैदान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी भवतोष शंखधर के अलावा डॉ. अतुल कुमार



जैन अध्यक्ष लोहा विक्रेता मंडल एवं महासचिव टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ने योग कार्यक्रम में भाग लेकर योगाभ्यास किया। लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार जैन ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सभी को बधाई देते हुए कहा कि योग स्वास्थ्य के लिए आवश्यक और महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, नगर निगम के अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ समाज के गणमान्य व्यक्तियों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही ।

# ट्रेन में किया योग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित अशोक भारतीय ने लखनऊ से गाजियाबाद लौटते हुए ट्रेन के 4 घंटे लेट चलने पर अपने ट्रेन के डिब्बे की स्लीपर सीट पर किया योग कर सनातन संस्कृति के महान पर्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सबको बधाई दी।



# आगरा में आईवीएफ, आनुवंशिक टेस्टिंग और भ्रूण चिकित्सा फैसिलिटी सेंटर का अनावरण







**आगरा, करंट क्राइम।** आईवीएफ सेन्टर चेन ' सीड्स ऑफ इनोसेंस' ने आगरा में अपना पहला और सबसे बड़ा अत्याधुनिक फर्टिलिटी सेंटर (प्रजनन केंद्र) का उद्घाटन किया। फैसिलिटी सेंटर का अनावरण केन्द्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने किया। इससे प्राकृतिक रूप से गर्भ धारण करने में नाकाम रहने वाले दंपतियों को आशा की एक नई किरण मिलेगी। रोडमैप योजना गुणवत्ता कंसलटेशन और बांझपन का विश्वसनीय इलाज कराने के इच्छुक युवा दंपत्तियों को प्रजनन सम्बंधी सुविधाएं प्रदान करना है। सीड्स ऑफ इनोसेंस का आगरा का सेंटर निसंतान दंपत्तियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह सेन्टर दूसरे शहरों में इलाज के लिए भटकने वाले लोगों को आगरा में ही उनकी समस्या का समाधान देगा। सेंटर के उद्घाटन अवसर पर यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. दिनेश अरोड़ा, यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की ग्रुप डॉयरेक्टर डॉ. शशि अरोड़ा, डॉ. रजत अरोड़ा और सीड्स ऑफ इनोसेंस तथा जेनेस्ट्रिंग डायग्नोस्टिक सेंटर की को- फाउंडर और डायरेक्टर डॉ. गौरी अगवाल उपस्थित रहीं। यशोदा ग्रुप के डॉयरेक्टर डॉ. रजत अरोड़ा ने बताया कि सीड्स ऑफ इनोसेंस की नेहरू नगर, गाजियाबाद स्थित यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में एक शाखा है। इसका उद्देश्य कई तरह के प्रजनन इलाज उपलब्ध कराने के अलावा ज्यादा खतरे वाली गर्भावस्था का अच्छे से देखभाल करना है। आगरा का यह सेंटर इस राज्य में पांचवी ऐसी फैसलिटी है। आगरा के अलावा गाजियाबाद, मेरठ, लखनऊ और गोरखपुर में सेंटर पहले से चल रहा है। वर्तमान में देशभर में ऐसे 20 से ज्यादा सेंटर सीड्स ऑफ इन्नोसेंस द्वारा चलाये जाते हैं।

# दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Himanshulove Sharma is with Deepak Bhati and 20 others.
11h

पोते की कुछ दिन पहले की फोटो सामने आ गई पूरी मस्ती करता है दादा के साथ आप का आशीर्वाद बना रहे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दादा पोते के रिश्ते की कैमिस्ट्री ऐसी होती है कि इसकी मिस्ट्री समझना हर किसी के बस की बात नहीं। अब बड़े मनु को तो कुछ कह भी लें लेकिन छोटे मनु पर दादा हिमांशु पूरा लव बरसा रहे हैं। पोते के लिए ये प्यार है तभी तो उसके लिए सभी से आशीर्वाद की कामना की। इन खूबसूरत लम्हों को फेसबुक पोस्ट बनाया। दादा पोते की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।


शोक संदेश



स्व० श्री कृष्ण कुमार त्यागी जी

आपको अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्यनीय पिताजी श्री कृष्ण कुमार त्यागी जी पुत्र स्व. श्री शौनाथ सिंह त्यागी का स्वर्गवास दिनांक 11/06/2024 दिन मंगलवार को हो गया है। प्रभू की ऐसी ही इच्छा थी। जिनकी रस्म पगडी दिनांक 23/06/2024 दिन रविवार को हमारे निज निवास पर होनी निश्चित हुई है।

!! कार्यक्रम स्थल !!

सेक्टर बी-1, प्लॉट नं सी-194, ट्रोनिका सिटी, लोनी गाजियाबाद

श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी

हवन.........................प्रातः 8.00 बजे
ब्रहमभोज.........................प्रातः 10.00 बजे
रस्म पगड़ी.........................दोपहर 2.00 बजे

॥ शोकाकुल परिवार ॥
बसंत त्यागी (पुत्र) प्रदेश मंत्री भाजपा
ममता बसंत त्यागी (पुत्र वधू) अध्यक्ष जिला पंचायत गंजियाबाद
(M) 9310145567, 8505995097

रस्म पगड़ी



मान्यवर,
हमारी पूज्य माताजी श्रीमती शकुन्तला देवी (धर्मपत्नी स्व. लाला बुद्ध प्रकाश गर्ग) का स्वर्गवास सोमवार दिनांक 17 जून 2024, को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

कार्यक्रम
रविवार, दिनांक 23 जून 2024
समय : अपरान्ह .......... 3 बजे

स्थान: डायमण्ड पैलेस, 17A कविनगर इण्डस्ट्रियल ऐरिया, गाजियाबाद

शोकाकुल परिवार

सुपुत्र –
प्रेम प्रकाश गर्ग (एडवोकेट)
डा. ज्ञान प्रकाश गर्ग
वेद प्रकाश गर्ग (खादी वाले)
जगत प्रकाश गर्ग

सुपौत्र –
डा. अनुभव, प्रशान्त
उज्जवल, डा. नितिन
सुमित, हिमांशु

प्रपौत्र – मलव, ऐकांश, लविथ
प्रपौत्री – अव्या, तायशा, नायरा, ऐशल, श्रीं, वान्या

